दिनांक : 30.01.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

गांधी दिवस- सर्वधर्म प्रार्थना

राष्ट्र आज महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर आज सुबह नई दिल्ली में गांधी समाधि, राजघाट पर सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, मनोहर लाल, तीनों सेनाओं के प्रमुख और प्रमुख रक्षा अध्यक्ष भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि पर आज जापान के कोबे में इंडिया क्लब में गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित की।

हर साल 30 जनवरी को राष्ट्र महात्मा गांधी की जीवनी व विरासत को स्वतंत्रता संग्राम के मार्गदर्शक के रूप में याद करता है। इस दिन को शहीद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।

महाकुंभ - रक्षा प्रबंध

उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रयागराज के महाकुंभ मेला क्षेत्र को 4 फरवरी तक वाहन मुक्त क्षेत्र घोषित कर दिया है। यह निर्णय श्रद्धालुओं की सुरक्षा तथा यातायात प्रबंध और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लिया गया है। आकाशवाणी से बातचीत में यातायात को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक अंशुमन मिश्रा ने बताया कि मेला

क्षेत्र में केवल आवश्यक सेवाओं वाले वाहन को प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

हमारे संवाददाता ने बताया कि कल संगमघाट की भगद□ में 30 लोगों की मृत्यु हो जाने के कारण राज्य सरकार ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई उपाय किये हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार घटना की जांच करने के लिए प्रयागराज पहुंच चुके हैं।

मुख्यमंत्री □ॉ. मोहन यादव ने प्रयागराज में हुई भगदड़ को ध्यान में रखते हुए मुख्य सचिव अनुराग जैन और रीवा संभाग के आयुक्त बीएस जामोद से फोन पर बातचीत की। उन्होंने मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश की सीमा से महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए समुचित और प्रभावी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए।

केन्द्रीय बजट

वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन एक फरवरी को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आम बजट पेश करने जा रही है। विशेषज्ञों और आम लोगों को उम्मीद है कि इस बार बजट में सरकार देश में सुदृढ़ ढांचा बनाने पर बल देते हुए विकास, रोजगार सृजन और वित्तीय प्रबंधन पर अधिक ध्यान केंद्रित करेगी। इस बजट से दिव्यांगजनों ने भी कई उम्मीदें लगा रखी है।

सरकार - सर्वदलीय बैठक

संसद के बजट सत्र से पहले आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक हो रही है। इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू, कांग्रेस के सांसद जयराम रमेश और गौरव गोगोई, तृणमूल कांग्रेस के सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय, समाजवादी पार्टी के सांसद रामगोपाल यादव, भाग ले रहे हैं। इस बैठक के दौरान सरकार संसद-सत्र का निर्बाध संचालन सुनिश्चित करने में सभी राजनीतिक पार्टियों को सहयोग करने को कहेगी।

पन्ना-हादसा

प्रदेश के पन्ना जिले में आज जेके सीमेंट फैक्ट्री की निर्माणाधीन छत का स्लैब गिरने से दो लोगों की मृत्यु हो गई और कई लोग घायल हो गए। आधिकारिक जानकारी के अनुसार घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा जा रहा है। पुलिस और प्रशासन की टीमें मलबे में फंसे मजदूरों को निकालने का काम कर रही हैं।

समाचार संक्षेप में....

1. नर्मदापुरम जिले के सिवनी मालवा में एक सड़क हादसे में तीन व्यक्तियों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। यह घटना कल देर रात नर्मदापुरम - हरदा मुख्य मार्ग की है।
2. आज से गुप्त नवरात्री की शुरूआत हो गई है। इस अवसर पर आगरमालवा जिले के नलखेड़ा स्थित विश्व प्रसिद्ध पीताम्बरा

सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर पर देशभर से आने वाले दर्शनार्थी भक्तजनों की नौ दिनों तक भारी भीड़ रहेगी।

3. शिवपुरी जिले की सुभाषपुरा थाना पुलिस ने 28 जनवरी की रात हाइवे पर एक वाहन चालक को बंधक बनाकर लूटपाट करने वाले 5 बदमाशों को आगरा से पकड़ने की कार्रवाई की है।

4. नीमच जिला मुख्यालय के समीपस्थ आयुष ग्राम ग्राम दलावदा में आज सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयुष चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है।

5. सतना जिले की भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट में आज सुबह से ही मंदाकिनी घाट में अमावस्या की तरह भीड़ नजर आ रही है मंदाकिनी में आस्था की डुबकी लगाकर भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना कर रहे हैं ।